Title: Regarding increase in Passenger fare in Train Nos. 03271/72, 03395/96 and 03631/32 and other railway related issues in Nalanda Parliamentary Constituency

श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा): मेरे संसदीय क्षेत्र नालंदा में इस्लामपुर-पटना-इस्लामपुर (train no. 03271/72 एवं 03395/96) और नटेसर-फतुहा-नटेसर (train no. 03631/32) विगत कोरोनाकाल की बन्दी के बाद से स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन संख्या के साथ संचालित हो रहा है और इसका किराया लगभग दोगुना वसूला जा रहा है । जैसे कोरोना से पूर्व जहाँ यात्रियों को 20 रूपये का यूटीएस टिकट मिलता था, अब वह 40 रूपये का हो गया है । वैसे ही मंहगाई के कारण आम जनता की आर्थिक स्थिति दिनोंदिन दयनीय होती जा रही है । ऊपर से दोगुना रेल किराया लोगों को परेशानी में डाल रहा है । विशेषकर मैं दानापुर मण्डल की गाड़ी संख्या: 03271/72, 03395/96 और 03621/32 की बात करना चाहता हूँ । इस ट्रेन में अभी भी अतिरिक्त दोगुना किराया वसूला जा रहा है ।

इस बाबत मैं माननीय मंत्री जी से भी मिलकर मामले को उठाता रहा हूँ, मगर समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ है । हावड़ा-राजगीर फास्ट पैसेंजर से सुल्तानगंज में उतरकर लोग देवघर जाते थे, वह भी कोविड के कारण बंद है, उसे चालू किया जाये । इसके अतिरिक्त गया-बख्तियारपुर डीएमयू को सभी स्टेशनों पर रोके जाने के साथ ही इंटरसिटी को नालंदा रेलवे स्टेशन पर रोका जाये ।

राजगीर, दनियावां, फतुहा तक ट्रेन जाती है और रामपुर हाल्ट पर ट्रेन रूकती है, लेकिन वहाँ पर टिकट नहीं कटता हैं । इसलिए रामपुर हाल्ट पर टिकट काउंटर की व्यवस्था किया जाये ।

पावापुरी एवं कुण्डलपुर भगवान महाबीर जी के मानने वाले जैनी लोग बड़ी संख्या में मुम्बई से आते हैं । इसलिए (13201/13202) पटना-लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस जो पटना में खड़ी रहती है इसको राजगीर तक विस्तार किया जाये ।